आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

**1910 मंगलवार** **13.05.2025**

<u>मुख्य समाचारः–</u>

1– ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद प्रधानमंत्री ने आज पंजाब के आदमपुर में वायुसेना को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के पास आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर खत्म करने की क्षमता है।

2– केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान अंबिकापुर में आयोजित मोर आवास–मोर अधिकार कार्यक्रम में शामिल हुए–प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के पात्र हितग्राहियों को प्रदान किए आवास स्वीकृति पत्र।

3– सुकमा जिले में आज आठ इनामी सहित चौदह माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

4– सीबीएसई ने बारहवीं और दसवीं के परिणामों की घोषणा की।

<u>प्रधानमंत्री–आदमपुर संबोधन</u>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए कहा है कि पाकिस्तान में अब कोई ऐसी जगह नहीं बची है, जहां आतंकवादी चैन की सांस ले सकें। उन्होंने कहा कि भारत के पास आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर खत्म करने की क्षमता है। श्री मोदी ने यह बात आज पंजाब के आदमपुर वायुसेना स्टेशन पर वायु सेना के जवानों को संबोधित करते हुए कही।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान में नौ आतंकवादी शिविरों को नष्ट कर दिया है और एक सौ से अधिक आतंकवादियों का सफाया कर दिया है। उन्होंने कहा कि जिस पाकिस्तानी सेना पर ये आतंकवादी निर्भर थे, उसे भारतीय सशस्त्र बलों ने हरा दिया है। श्री मोदी ने कहा कि आतंक के आकाओं को अब यह एहसास हो गया है कि निर्दोष लोगों का खून बहाने का नतीजा केवल तबाही और पूरी तरह से विनाश ही होगा। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देश की रक्षा करने वाले सशस्त्र बलों के साहस, वीरता और कार्यकुशलता की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया और सिर्फ बीस से पच्चीस मिनट के भीतर सीमा पार के ठिकानों पर हमला करके यह दिखाया है कि आधुनिक तकनीक से लैस एक पेशेवर बल ऐसा कर सकता है।

<u>प्रधानमंत्री–संबोधन</u>

इससे पहले, कल शाम राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद आतंकवाद से मुकाबले के लिए भारत की अटूट वचनबद्धता का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि दुनिया भारत की क्षमताओं को देख चुकी है, अब यह स्पष्ट हो चुका है कि आतंकवादी बख्शे नहीं जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवादी गुटों और उनके समर्थकों को एक स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत और उसके नागरिकों पर होने वाले किसी हमले का पूरी ताकत से जवाब दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत पाकिस्तान से आतंकवाद और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर–पी.ओ.के. को छोड़कर किसी अन्य मुद्दे पर बातचीत नहीं करेगा।

अगर पाकिस्तान से बात होगी, तो टैररिज्म पर ही होगी। अगर पाकिस्तान से बात होगी, तो पाक ऑक्यूपाइड कश्मीर–पीओके, उस पर ही होगी। पाकिस्तानी फौज, पाकिस्तान की सरकार, जिस तरह आतंकवाद को खाद–पानी दे रहे हैं, वो एक दिन पाकिस्तान को ही समाप्त कर देगा। पाकिस्तान को अगर बचना है, तो उसे अपने टैरर इन्फ्रास्ट्रक्चर का सफाया करना ही होगा। इसके अलावा शांति का कोई रास्ता नहीं है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को अभी अस्थायी रूप से स्थगित किया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में हम पाकिस्तान के हर कदम को इस कसौटी पर मापेंगे कि आतंकवाद को लेकर वह क्या रवैया अपनाता है।
उन्होंने ऑपरेशन के दौरान सशस्त्र बलों की वीरता, शौर्य और साहस को देश की प्रत्येक माता, बहन और बेटी को समर्पित किया।

ऑपरेशन सिंदूर–राष्ट्रव्यापी संपर्क अभियान

ऑपरेशन सिंदूर पर आज से ग्यारह दिन का राष्ट्रव्यापी संपर्क अभियान शुरू किया गया है। मुख्य रूप से तिरंगा यात्रा के नाम का यह अभियान पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना की सफलता को लोगों तक पंहुचायेगा। इस कार्यक्रम में पूर्व सैनिक, सामाजिक कार्यकर्ता, सामाजिक संगठन तथा भाजपा के प्रमुख नेता शामिल होंगे। यह अभियान तेईस मई तक चलेगा।

शिवराज सिंह चौहान–अंबिकापुर

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान आज अंबिकापुर के पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित मोर आवास–मोर अधिकार कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के पात्र हितग्राहियों को गृह प्रवेश करवाकर उन्हें चाबियां सौंपी। वहीं, कुछ हितग्राहियों को आवास स्वीकृति प्रदान प्रदान किया।

श्री चौहान ने कहा कि उनतीस मई से वैज्ञानिक छत्तीसगढ़ का दौरा कर किसानों से बातचीत करेंगे।

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्व–सहायता समूह की लखपति दीदियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने की। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू सहित राज्य मंत्रिमंडल के अन्य सदस्य शामिल हुए।

केंद्रीय कृषि मंत्री–समीक्षा

इससे पहले, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नवा रायपुर में पंचायत और ग्रामीण विकास तथा कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति पर विचार–विमर्श किया गया। श्री चौहान ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए उन्नत गांव और खुशहाल किसान की अवधारणा को सशक्त बनाना सरकार की प्राथमिकता है। केंद्रीय मंत्री ने 'अमृत सरोवर' योजना को स्थानीय आजीविका से जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा और जल संरक्षण की दिशा में ठोस परिणाम सामने आएंगे। श्री चौहान ने प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण की प्रगति की समीक्षा करते हुए स्वीकृत आवासों के शीघ्र निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिकों की टीम जल्द ही छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों का भ्रमण कर किसानों को व्यावहारिक और वैज्ञानिक कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण देगी।

बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं, बल्कि गांवों की समग्र समृद्धि सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाना, रोजगार के अवसर पैदा करना और बुनियादी ढांचे को मजबूत करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने नवा रायपुर स्थित सेंट्रल पार्क में नारियल का पौधा लगाया और लोगों से अपील की कि वे भी अधिक से अधिक पौधे लगाएं और पर्यावरण संरक्षण को जनांदोलन का रूप दें।

केंद्रीय कृषि मंत्री—पत्रकारवार्ता

बैठक के बाद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि पिछली कांग्रेस की सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि का इस्तेमाल नहीं किया, जिससे लाखों हितग्राही स्वयं के मकान से वंचित रह गए थे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपना वादा पूरा करते हुए सरकार बनने के बाद पहले लगभग साढ़े आठ लाख पात्र हितग्राहियों को आवास आवंटित किया है। वहीं, बचे हुए तीन लाख से अधिक हितग्राहियों को भी दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम में आवास की चाबी सौंपी गई। श्री चौहान ने बताया कि मनरेगा के अंतर्गत बीते वर्ष राज्य सरकार को जारी की गई तीन हजार तीन सौ पचपन करोड़ रूपये का लेबर बजट इस बार भी दिया जाएगा।

माओवादी—आत्मसमर्पण

सुकमा जिले में आज पांच महिला सहित चौदह माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें से आठ माओवादियों पर कुल सोलह लाख रूपये का इनाम घोषित था। आत्मससमर्पण करने वाले सभी माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पचास—पचास हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

सीबीएसई परिणाम

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड—सीबीएसई ने बारहवीं और दसवीं कक्षा के परिणामों की घोषणा कर दी है। इस वर्ष बारहवीं में अठासी दशमलव तीन—नौ प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। लड़कियों ने एक बार फिर लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है। इंक्यानवे प्रतिशत से अधिक लड़कियों ने परीक्षा पास की है, जो लड़कों के मुकाबले पांच दशमलव नौ—चार प्रतिशत अधिक है। ट्रांसजेंडर छात्रों ने शत—प्रतिशत सफलता प्राप्त की।

वहीं, दसवीं कक्षा में तिरानवे दशमलव छह—छह प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए हैं। दसवीं की परीक्षा में भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए पंचानवे प्रतिशत से अधिक लड़कियों ने परीक्षा पास की है, जो लड़कों के मुकाबले दो दशमलव तीन—सात प्रतिशत अधिक है। परीक्षा परिणाम सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देखे जा सकते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में सीबीएसई की बारहवीं और दसवीं की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी है। उन्होंने सफलता से वंचित रहे छात्रों को सांत्वना देते हुए कहा कि कोई भी एक परीक्षा किसी व्यक्ति को परिभाषित नहीं कर सकती।

मौसम

राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कुछ जिलों में आज दोपहर बाद अचानक मौसम बदला और तेज हवाओं के साथ बारिश हुई।

इस बीच, मौसम विभाग ने प्रदेश में कल भी कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज—चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई है। वहीं, एक—दो स्थानों पर अंधड़ चलने के साथ ही आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी भी दी गई है।

संक्षिप्त समाचार

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कल चौदह मई को सुबह साढ़े ग्यारह बजे मंत्रालय में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक होगी।

– बलरामपुर जिले के रामानुजगंज–अंबिकापुर मार्ग पर अलखडीहा और झींगों गांव के बीच एक यात्री बस और ट्रक में आमने–सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में दस से अधिक यात्री घायल हो गए हैं।

– सक्ती जिले के सरवानी गांव में शॉर्ट सर्किट की वजह से एक घर में आग लग गई। वहीं, आग बुझाने के दौरान सिलेंडर फटने से छह लोग झुलस गए हैं, जिन्हें रायगढ़ के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>